**Series : DPRPR/4** **SET ~ 2**

**प्रश्न पत्र कोड 3/4/2**

**रोल नं.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **7** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । *

# हिन्दी (अ)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* *अधिकतम अंक : **40***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **सात** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न–पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड–क** और **खंड–ख** । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

*(iii) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।*

*(iv) **खंड–क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(v) **खंड–ख** में कुल **4** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*



ZOLLEGE.in

## खंड – क

### (पाठ्य–पुस्तक और पूरक पाठ्य–पुस्तक)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के के व्यक्तित्व के किन्हीं दो पहलुओं का उल्लेख कीजिए, जिनसे आप प्रभावित हैं। इस प्रभाव के उपयुक्त कारण भी स्पष्ट कीजिए। **(2)**

(ख) संन्यास लेने के बाद भी फ़ादर बुल्के अपने परिवार से किस प्रकार जुड़े हुए थे ? इससे फ़ादर के स्वभाव के विषय में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ? **(2)**

(ग) 'लखनवी अंदाज' पाठ में लेखक ने नवाब साहब की किस प्रकार की सनक का परिचय दिया है ? ऐसी सनक के क्या–क्या परिणाम हो सकते हैं ? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए। **(2)**

(घ) 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर बताइए कि नवाब साहब को खीरे खाने की तैयारी करते देख लेखक ने क्या सोचा ? उसके मन में कौन–सी इच्छा जगी और नवाब साहब के पूछने पर उसने खाने से क्यों मना कर दिया ? **(2)**

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) इस सत्र में पढ़ी गई किस कविता में कवि ने बादलों के विविध रूपों का चित्रण किया है ? उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। **(2)**

(ख) 'कन्यादान' कविता में माँ की परंपरागत छवि से हटकर नए दृष्टिकोण से विचार किया गया है। उसमें नया क्या है ? आप उन विचारों से कहाँ तक सहमत हैं और क्यों ? **(2)**

(ग) 'आग' के विषय में माँ बेटी को क्या समझा रही है और क्यों ? 'आग' के संकेत से कविता किस सामाजिक बुराई की ओर भी इशारा करती है ? उल्लेख कीजिए। **(2)**

(घ) 'अट नहीं रही है' कविता में प्रकृति में परिवर्तन के जो दृश्य कवि को मंत्रमुग्ध कर रहे है उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। **(2)**

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) वात्सल्य और ममता की आधार–भूमि एक रहने पर भी माता–पिता और बच्चों के संबंधों में तब से अब तक बहुत बदलाव हुए हैं। – 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर इसे सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **(3)**

(ख) 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि पहाड़ के सौंदर्य पर मंत्रमुग्ध लेखिका पहाड़ों पर किस दृश्य को देख क्षुब्ध और परेशान हो उठती हैं ? क्या आपने भ्रमण या पर्यटन के दौरान ऐसे दृश्य देखे हैं ? ऐसे दृश्यों और अपने मन पर पड़े उनके प्रभाव को अपने शब्दों में लिखिए। **(3)**

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में रानी एलिजाबेथ के भारत आगमन के समय भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों और मीडिया का व्यवहार कैसा था ? सोदाहरण स्पष्ट करते हुए उसके पीछे के कारणों और मानसिकता पर टिप्पणी कीजिए। **(3)**



ZOLLEGE.in

## खंड – ख
### (रचनात्मक लेखन)

4. दिए गए विषयों में से **किसी एक** पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(क) कोरोना काल के सहयात्री
- कोरोना महामारी का आरंभ और प्रसार
- गत दो वर्षों में जीवन का स्वरूप
- जीवन-यात्रा में साथ देने वाले व्यक्ति और वस्तुएँ

(ख) पॉलीथिन थैलियों पर अनिवार्य प्रतिबंध
- पॉलीथिन थैलियों का प्रचलन, प्रसार
- प्रतिबंध की आवश्यकता
- सरकार और आम आदमी के सहयोग

(ग) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का दौर
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है ? कैसे काम करती है ? • वर्तमान में इसका प्रचार-प्रसार अधिक कैसे हुआ ? • इसके लाभ और खतरे, हमारे जीवन पर प्रभाव

5. (a) गत दो वर्षों में आपकी पढ़ाई के स्तर में गिरावट नज़र आ रही है । आप दसवीं में पढ़ने वाले सारिका/संवेद हैं । अपने पिताजी को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखकर इस स्थिति की जानकारी दीजिए और इसे बेहतर करने के लिए सुझाव देने एवं सहायता करने का अनुरोध कीजिए । 5

**अथवा**

(b) आप पटना निवासी रोहन/रीना हैं । आपने कोलकाता के अपने मित्र को एक पार्सल भिजवाया पर वह पंद्रह दिन बाद भी उनको नहीं मिला । संबंधित डाकघर के अधिकारी को इस विषय में शिकायत पत्र लगभग 120 शब्दों में लिखिए । 5

6. (क) (a) आपके बड़े भाई ने बेकरी की एक दुकान खोली है । उसके लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । 2½

**अथवा**

(b) आपकी बहन का एक थिएटर-समूह है । वे इस शहर में अपने नए नाटक का मंचन करने जा रही हैं । उसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । 2½

(ख) (a) मुख्य चुनाव आयुक्त की ओर से 50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसका विषय है – "मतदान : प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्त्तव्य" । 2½

**अथवा**

(b) आपकी सोसायटी के पास ठेले लगाने वाले व्यक्ति का 10 वर्षीय बच्चा गुम हो गया है । उसके लिए अखबार में 'खोया-पाया' कॉलम के अंतर्गत एक विज्ञापन 50 शब्दों में तैयार कीजिए । 2½

7. (क) (a) आपके मित्र ने नीट की परीक्षा में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है । उसे बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए । 2½

**अथवा**

(b) चेन्नई निवासी अपने मित्र को पोंगल के अवसर पर लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए । 2½

(ख) (a) विदेश में रहने वाले अपने चाचा-चाची को नव वर्ष की शुभकामना का संदेश लगभग 40 शब्दों में लिखिए । 2½

**अथवा**

(b) अपनी कक्षा के प्रतिनिधि के रूप में सभी सहपाठियों को आगामी बोर्ड की परीक्षा के लिए शुभकामना का संदेश लगभग 40 शब्दों दीजिए । 2½



ZOLLEGE.in

*



ZOLLEGE.in